खबर संक्षेप

### पुलिस हिरासत में बिगड़ी युवक की तबीयत, हालत गंभीर

**कटनी।** महिला से मारपीट के मामले में दो दिन तक कोतवाली थाने में रखे गए आरोपी की पुलिस कस्टडी के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ गई। हालत गंभीर होते देख कोतवाली पुलिस सकते में आ गई। आरोपित को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। आरोपी की पहचान अनिल पंडित के रूप में हुई है, जिसे महिला के साथ मारपीट के आरोप में पूछताछ के लिए कोतवाली थाने लाया गया था। पुलिस कस्टडी के दौरान अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। आरोपित को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों की निगरानी में उसका उपचार जारी है। चिकित्सकों के मुताबिक उसकी हालत फिलहाल गंभीर बनी हुई है। इस घटना के बाद पुलिस कस्टडी में आरोपी की सुरक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं और थाने में रखे जाने की अवधि को लेकर सवाल उठने लगे हैं। मामले की जांच अब वरिष्ठ पुलिस अधिकारी कर रहे हैं। सीएसपी नेहा पच्चीसिया का बयान का कहना है कि महिला से मारपीट के मामले में एक आरोपित को पूछताछ के लिए थाने लाया गया था। पूछताछ के बाद उसे घबराहट हुई, जिसके बाद कोतवाली पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं आरोपी को दो दिन थाने में रखे जाने के सवाल पर उन्होंने कहा, "अभी ऐसी कोई बात मेरे संज्ञान में नहीं आई है।

### भारत पर्व के आयोजन हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त

**कटनी।** प्रतिवर्ष की भांति आगामी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस की संध्या पर जिला मुख्यालय पर लोकतंत्र के लोक उत्सव ₹भारत पर्व₹ का आयोजन किया जाएगा। ₹भारत पर्व₹ के आयोजन एवं स्थानीय व्यवस्थाओं हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी ने नोडल अधिकारियों की नियुक्ति किया है। जारी आदेश के अनुसार जिला मुख्यालय स्तर पर लोकतंत्र के लोक उत्सव ₹भारत पर्व₹ के सफल आयोजन व सम्पूर्ण व्यवस्थाओं हेतु नगर निगम उपायुक्त शैलेष कुमार गुप्ता को नोडल अधिकारी बनाया गया है। भारत पर्व पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन हेतु डिप्टी कलेक्टर श्रीमती ज्योति लिल्हारे को नोडल अधिकारी नियुक्त नियुक्त किया गया है।

### लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण हेतु शिविर 29 दिसंबर से

**कटनी।** जिले में समस्त सेवानिवृत्त शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण हेतु जिला पेंशन कार्यालय कटनी में 29 दिसंबर से 31 दिसंबर तक तीन दिवसीय पेंशन शिविर का आयोजन किया गया है। जिला पेंशन अधिकारी नीतू गुप्ता ने बताया कि इस शिविर में लंबित पेंशन प्रकरणों का शत-प्रतिशत निराकरण किया जाना है। उन्होंने जिले के समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों से लंबित पेंशन प्रकरण आईएफएमआईएस के माध्यम से तैयार कर सेवापुस्तिका सहित जिला पेंशन कार्यालय को उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। साथ ही कहा है कि जो प्रकरण निराकरण योग्य नहीं है, कारण सहित उसकी भी जानकारी कार्यालय को उपलब्ध करायें।

### ई-के.वाय.सी नहीं कराने पर हो सकती है परेशानी

**कटनी।** शासन की योजनाओं से कोई भी पात्र नागरिक वंचित न रहने पाए इस हेतु नगर निगम कार्यालय सहित समस्त जोन कार्यालयों में समग्र पोर्टल पर नागरिकों के समग्र आई.डी से आधार नंबर की ई-के.वाय.सी. कराने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने संबंधित अधिकारियों को मिशन मोड पर शेष बचे नागरिकों की समग्र एवं आधार से लिंकिंग प्रक्रिया भी सुनिश्चित करते हुए शत प्रतिशत कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए है। उपायुक्त ने नागरिकों से समग्र ई केवायसी कराने अपील की है।

कोतवाली थाना अंतर्गत ग्राम खरखरी में दिया वारदात को अंजाम, नाकाबंदी कर आरोपितों को पकड़ा

# सस्ता सोना बेचने के नाम पर डकैती : चाकू अड़ाकर लूट लिये 8 लाख रूपए, 2 महिला सहित 6 बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





सस्ते सोने का लालच देकर पारधी गिरोह द्वारा करीब 8 लाख रुपये डकैती की घटना को अंजमा दिया गया। शिकायत पर पुलिस ने तत्परता दिखाई और कुछ ही घंटों बाद पूरे गिरोह को धर-दबोचा। आरोपितों के पास से डकैती की पूरी रकम समेत हथियार, वाहन व मोबाइल फोन बरामद कर लिए।

पुलिस के अनुसार फरियादिया बबीता डेहरिया 37 निवासी हडई, थाना हर्रई, जिला छिंदवाड़ा ने 25 दिसंबर को कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि रक्षाबंधन के दौरान कटनी रेलवे स्टेशन के पास उसकी मुलाकात एक पारधी महिला से हुई थी, जिसने सस्ते दाम में सोना देने का लालच दिया। लगातार फोन संपर्क के बाद 24 दिसंबर को महिला ने पीड़िता को खरखरी स्कूल के पास बुलाया। वहां पहले से मौजूद महिला और पुरुषों ने पैसे दिखाने को कहा जैसे ही 8 लाख रुपये से भरा बैग दिखाया गया, आरोपियों ने पीड़ितों को घेर लिया, चाकू दिखाकर धमकाया और नकदी से भरा बैग व मोबाइल फोन छीनकर दो मोटरसाइकिलों से फरार हो गए।

फरियादिया बबीता डेहरिया ने कोतवाली थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में कोतवाली, माधवनगर, रंगनाथनगर, रीठी और बस स्टैंड चौकी की संयुक्त टीमें मैदान में उतर गईं। तकनीकी साक्ष्य, पीड़ितों के बताए हुलिए और मुखबिर सूचना के आधार पर कैलवारा बायपास के पास नाकाबंदी की गई।

कुछ ही देर में दो मोटरसाइकिलों पर सवार 6 आरोपियों जिसमें 4 पुरुष, 2 महिलाएं को घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने खरखरी के पास चाकू की नोक पर 8 लाख रुपये की डकैती करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से डकैती की पूरी रकम 8 लाख रुपये, 4 चाकू, 2 मोटरसाइकिलें, 6 मोबाइल फोन और सोने जैसी धातु की गिन्नियां बरामद कर लीं।

#### नकदी एवं हथियार बरामद

पुलिस द्वारा जिन आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है उनमें 1. बुश लाल पारधी पिता हर प्रसाद पारधी 32 वर्ष नि. बिरूहली तथा उसके पास से 1.50 लाख रूपए नगद, 01 चाकू सहित 1 मोबाईल बरामद किया गया है।2. बाबू सिंह पिता लक्ष्मण सिंह पारधी 23 वर्ष नि. बिरूहली एवं उसके पास से 1.50 लाख रूपये नगद, 01 चाकू व घटना में प्रयुक्त मो.सा. होण्डा हारनेट क्र. एम.पी 21 जेडएच 9426 की. 1.20 लाख, 01 मोबाईल। 3. ग्यारह बाबू पारधी पिता लक्ष्मण सिंह पारधी 23 वर्ष नि. बिरूहली। बरामदगी 1.50 लाख रूपये 01 चाकू व घटना में प्रयुक्त मो.सा. होण्डा लीवो क्र. एम.पी 21 एमए 9785 की. 01 लाख रू नगद, 01 मोबाईल। 4. सरीना उर्फ सहरीना पति बुश लाल पारधी 25 वर्ष नि. बिरूहली बरामदगी 01 लाख रूपये नगद, 01 पोटली में सोने जैसी धातु की गिन्नीयां वजनी करीब 250 ग्राम, 01 मोबाईल। 5. बली उर्फ बल्ली पिता बदरू वारण्ट पारधी 37 वर्ष नि. ग्राम देवरी थाना बीजाडांडी जिला मण्डला- बरामदगी 1.50 लाख रू नगद व 01 चाकू, 01 मोबाईल। 6. लोंगचाई उर्फ लोंगा बाई पति बली उर्फ बल्ली 32 वर्ष निवासी बिरूहली बरामदगी 01 लाख रू नगद, 01 मोबाईल।

आरोपियों के खिलाफ धारा 296(ए), 318(4), 311, 351(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई को एसपी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, एएसपी डॉ. संतोष डेहहिया एवं सीएसपी नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में अंजाम दिया गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राखी पाण्डेय सहित विभिन्न थानों और चौकियों की संयुक्त टीम की भूमिका रही।

### ट्रेन से छात्र का लैपटॉप और मार्कशीट हो गई चोरी

**कटनी।** कामायनी एक्सप्रेस में मुंबई से बनारस की यात्रा कर रहे एक छात्र के साथ का बैग अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया। बैग में लैपटॉप, जरूरी दस्तावेज और नकदी रखी हुई थी। पीड़ित की पहचान 24 वर्षीय शिवम कनौजिया, निवासी भदोही (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है। शिवम गाड़ी संख्या 11071 कामायनी एक्सप्रेस के कोच एस-9, बर्थ नंबर 31 पर सफर कर रहा था। दमौह के पास अज्ञात बदमाशों ने मौका पाकर उसका ट्रॉली बैग पार कर दिया। चोरी गए ट्रॉली बैग में एक लैपटॉप, कक्षा दसवीं की मूल मार्कशीट, करीब 4 हजार रुपये नकद, कपड़े और अन्य जरूरी दस्तावेज रखे हुए थे। चोरी का पता चलते ही पीड़ित ने सहयात्रियों की मदद से तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। पीड़ित शिवम कनौजिया पुणे में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा है और बीएसएफ व रेलवे ग्रुप-डी की परीक्षा देने के लिए घर जा रहा था। ट्रेन के कटनी स्टेशन पहुंचने पर उसने जीआरपी थाने में एफआईआर दर्ज कराई। रेलवे पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जीआरपी का कहना है कि ट्रेन के सीसीटीवी फुटेज और यात्रियों से पूछताछ कर चोर की तलाश की जा रही है।

मुड़वारा विधायक की अध्यक्षता में बैठक का हुआ आयोजन

## औद्योगिक विकास पर हुई बैठक में उद्योगपतियों की समस्याओं एवं अपेक्षाओं पर हुई विस्तृत चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



राज्य शासन द्वारा वर्ष 2025 को 'उद्योग और रोजगार वर्ष' के रूप में मनाया जा रहा है। इसी तारतम्य में जिले के औद्योगिक क्षेत्र बरगवां स्थित महाकौशल रिफ्रेक्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के परिसर में मुड़वारा विधायक संदीप श्रीप्रसाद जायसवाल की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।

इस बैठक में औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारी एवं अनेक उद्योगपति सम्मिलित हुए। जहां उन्होंने अपनी समस्याओं एवं अपेक्षाओं पर विस्तृत चर्चा की। विधायक श्री जायसवाल ने सभी की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और सकारात्मक पहल करते हुए इन समस्याओं का त्वरित समाधान का आश्वासन दिया।

बैठक के दौरान उद्योगपतियों ने औद्योगिक क्षेत्र में सड़क व नाली निर्माण, प्रकाश व्यवस्था, उद्योगों के लिये फायर एनोसी के नियमो में सरलीकरण तथा औद्योगिक क्षेत्र बरगवां एवं अमकुही को जोड़ते हुए एक रिंग रोड बनाये जाने की मांग की। साथ ही खनिज उद्योगों की समस्याओ पर भी चर्चा की।

बैठक के उपरांत विधायक श्री जायसवाल ने औद्योगिक क्षेत्र बरगवां का पैदल भ्रमण किया और नवीन स्थापित विनिर्माण इकाईयों का निरीक्षण किया। उन्होंने कान्हा डेयरी, गोपाला इंडस्ट्रीज (दाल मिल), वीजा एग्रो (दाल मिल) का निरीक्षण करते हुये वहाँ काम करने वाले मजदूरों से संवाद करते हुये उनकी समस्याओं को सुना।

बैठक में जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र की महाप्रबंधक ज्योति सिंह चौहान, मप्र उद्योग संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सुधीर मिश्रा, जिला उद्योग संगठन के अध्यक्ष मनीष गेई, चेम्बर्स ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष शपवन मित्तल, रिफ्रैक्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविन्द गुगालिया, चूना उद्योग संघ के अध्यक्ष बृजकिशोर भार्गव, राइस मिल एसोसिएशन से दीपक असरानी, प्रबंधक संतोष शिवहरे, जसवंत गुगालिया, आशीष पाण्डेय, सूर्यकान्त गौतम उपस्थित रहे।

### निपुण भारत के लक्ष्य को समय सीमा में करें पूर्ण



डाइट व्याख्याता राजेंद्र असाठी शुक्रवार को जन शिक्षा केंद्र स्लीमनाबाद के स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के तहत शासकीय माध्यमिक शाला तिहारी पहुंचें जहाँ विद्यार्थियों की मूलभूत दक्षता के परीक्षण हेतु टेस्ट लिया गया !एफएलएन मैं कक्षा दूसरी का आंकलन किया गया। जन शिक्षा केंद्र स्लीमनाबाद के तीन स्कूल तिहारी, टिकरिया ओर खुडावल के शाला प्रभारियों से निपुण भारत के लक्ष्य को समय सीमा मैं पूर्ण करने हेतु विस्तार से चर्चा की गईं तथा कक्षा पहली, दूसरी व तीसरी के प्रत्येक बच्चें का व्यक्तिगत आंकलन कर गैफ फिलिंग हेतु सुझाव दिए गये !इस दौरान जनशिक्षक डॉ दिलीप त्रिपाठी, अखलेश पाण्डेय, शिक्षक राजेश सिंह, वैजनाथ विश्वकर्मा,गोपाल चौधरी, सपना दीवान सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## छात्र छात्राओं को पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन का दिलाया गया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय बहोरीबंद में पर्यावरण मंत्रालय के निर्देशानुसार तथा पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन के प्रयोजन से गठित ईको क्लब के माध्यम से पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।प्राचार्य इंद्र कुमार के संरक्षण और कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रवीण गर्ग के निर्देशन में पर्यावरण हितैषी जीवन शैली विषय पर पोस्टर, बैच निर्माण प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्राचार्य इंद्र कुमार एवं कार्यक्रम अधिकारी ने पर्यावरण संरक्षण हेतु विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया साथ ही पर्यावरण को संरक्षित करने हेतु शपथ दिलाई। जिसमें महाविद्यालय इको क्लब के सदस्य, विद्यार्थी, समस्त शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ की उपस्थिति रही। पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत इको क्लब द्वारा पोस्टर तथा पेपर बैग मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमें बीएससी प्रथम, द्वितीय और तृतीय वर्ष के बच्चों के द्वारा पर्यावरण संबंधित पोस्टर और पेपर का उपयोग करके बैग बनाया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों को जागरूक करना है कि प्लास्टिक का उपयोग ना करके पेपर से बनी सामग्री का उपयोग किया जाए और हमारे पर्यावरण को पूरी तरह सुरक्षित रखने का प्रयास करें। कार्यक्रम को सम्पन्न कराने में इको क्लब प्रभारी डॉ प्रवीण गर्ग के साथ डॉ अजय सिंह गोंड का योगदान रहा।

भारी संख्या में पुलिस बल एवं प्रशासनिक अधिकारी रहे उपस्थित

## भाजपा नेता हत्याकांड के मुख्य आरोपी के अवैध निर्माण पर चलाया बुल्डोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कैमोर थाना क्षेत्र में 28 अक्टूबर को भाजपा नेता नीलेश उर्फ नीलू रजक हत्याकांड के मुख्य आरोपी अकरम खान के अवैध निर्माण पर शुक्रवार को प्रशासन ने बुलडोजर चला दिया। जिला प्रशासन और भारी पुलिस बल की मौजूदगी में अमरैया पार स्थित आरोपी के मकान को पूरी तरह जमींदोज कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान तीन जेसीबी मशीनों का उपयोग किया गया। कुछ ही देर में अवैध निर्माण को मलबे में बदल दिया गया। प्रशासन ने एक दिन पहले ही आरोपी के परिजनों को मकान खाली करने की सूचना दे दी थी। कार्रवाई शुरू होने से पहले अधिकारियों ने परिजनों को समझाइश देकर सुरक्षित बाहर निकाला। शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे से ही कार्रवाई की तैयारियां तेज कर दी गई थीं। तहसीलदार, एसडीओपी विजयराघवगढ़, कैमोर और विजयराघवगढ़ थाना प्रभारी, महिला थाना प्रभारी तथा कैमोर नगर परिषद के सीएमओ भारी अमले के साथ मौके पर पहुंचे। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए आसपास के थानों और पुलिस लाइन से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया था। पूरे क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई और आम लोगों की आवाजाही सीमित रखी गई।

गौरतलब है कि 28 अक्टूबर को भाजपा नेता नीलेश उर्फ नीलू रजक सुबह नीलू रजक अपनी बेटी को स्कूल छोड़ने जा रहे थे, तभी आरोपी अकरम खान ने अपने साथी प्रिंस जोसफ के साथ मिलकर उन पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी थी। घटना के बाद नीलू रजक को गंभीर हालत में विजयराघवगढ़ अस्पताल ले जाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। हत्याकांड के बाद विजयराघवगढ़ और कैमोर क्षेत्र में जबरदस्त आक्रोश देखने को मिला था। घटना के अगले दिन पुलिस ने बहोरीबंद के कजरवारा मोड़ पर घेराबंदी की थी। इस दौरान आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग कर भागने की कोशिश की, लेकिन जवाबी कार्रवाई में अकरम खान और प्रिंस जोसफ दोनों घायल हो गए। इसके बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया था।

पीपीपी मॉडल का किया विरोध, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

## शासकीय मेडिकल कॉलेज की मांग को लेकर किया गया धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





जिले में शासकीय मेडिकल कॉलेज की स्थापना की मांग को लेकर पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को कचहरी चौक में धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। यह धरना लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विंदेश्वरी पटेल एवं जिला जन अधिकार मंच कटनी के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें जिले के बड़ी संख्या में जागरूक नागरिकों ने भाग लिया।धरना सुबह 11 बजे प्रारंभ हुआ और दोपहर 2 बजे कचहरी चौक से कलेक्ट्रेट कार्यालय तक रैली के रूप में पहुंचकर संपन्न हुआ।

प्रदर्शनकारियों ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में अतिरिक्त कलेक्टर कटनी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पूंजीवाद और निजीकरण का विरोध करते हुए कटनी जिले में पूर्णतः शासकीय मेडिकल कॉलेज खोले जाने की मांग की गई।जिला जन अधिकार मंच के पदाधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा हाल ही में कटनी जिले में मेडिकल कॉलेज खोले जाने की घोषणा के बाद जिलेवासियों में खुशी की लहर थी। लोगों को लगा था कि वर्षों पुरानी मांग अब पूरी होने जा रही है। लेकिन हाल ही में समाचार पत्रों में यह खबर सामने आई कि मेडिकल कॉलेज पीपीपी (पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप) मॉडल पर खोला जाएगा, जिससे जनता में निराशा और आक्रोश है।

वक्ताओं ने कहा कि पीपीपी मॉडल वस्तुतः निजीकरण का ही एक रूप है और जहां-जहां इस मॉडल पर मेडिकल कॉलेज खोले गए हैं, वहां आम जनता को इलाज और शिक्षा के क्षेत्र में परेशानियों का सामना करना पड़ा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सत्ताधारी दल के कई जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी भी पीपीपी मॉडल को उचित नहीं मानते, लेकिन दलीय अनुशासन के चलते खुलकर विरोध नहीं कर पा रहे हैं।

धरना-प्रदर्शन में प्रमुख रूप से मनोज निगम, विष्णु बाजपेई, डॉ. सचिन कुशवाहा, मंगल सिंह, सोनू सोनी, विपिन राय, बाल्मिक विश्वकर्मा, सरवन सोनी, प्रभात पांडे, सचिन शर्मा, संतोष पटेल, ब्रजकिशोर पटेल, संतराम पटेल, इंद्रजीत निषाद, शेख असलम, संतोष साहु आदि शामिल रहे।

## डेड रेंट जमा नहीं कराने पर 4 मार्बल खदानों के निरस्तगी प्रस्ताव प्रेषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

जिले में संचालित मार्बल खदानों में पिछले वर्षों से मृतकर (डेड रेंट) समय-सीमा में भुगतान नहीं करने पर कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा कड़ी कार्यवाही कर चार खदानों को निरस्त करने का प्रस्ताव संचालक खनिज प्रशासन भोपाल को भेजा गया है।

इसके साथ ही वर्तमान में डेड रेंट नहीं जमा कराने वाले सभी खदान धारको को भी नोटिस जारी किया गया है ।यदि आगामी समय-सीमा में अनिवार्य किराया जमा नहीं किया जाता तो इन पर भी कठोर कार्यवाही की जाएगी ।खनिज अमले को अन्य देय कर जमा नहीं कराने वालों की सूची तैयार कर प्रदर्शित करने संबंधी निर्देश भी कलेक्टर ने दिए है ।

#### रेत खदानों में पहुँच मार्ग को किया नष्ट

खनिज और राजस्व विभाग द्वारा रेत खदानों की जांच की गई। जिसमे बरही तहसील अंतर्गत रेत खदानों में चिन्हित किए गए अस्थाई रैम्प और मार्गो के विनष्टीकरण की कार्यवाही की गई ।जिसमे पिपरिया कला,खिरहनी और बहिरघटा ग्रामों में खदान जाने वाले कच्चे अस्थाई रास्तों को जेसीबी मशीनो से ट्रेंच कराकर अवरुद्ध किया गया। साथ ही घाट के ऊपर संग्रहित रेत को भी जब्त किया गया।इसके अलावा संयुक्त दल द्वारा रेत के पूर्व में स्वीकृत भंडारण अनुज्ञप्ति का भी मुआयना किया गया ।आगामी समय में जिले की अन्य तहसीलों में स्वीकृत रही खदानों में भी निरंतर कार्यवाही की जाएगी ।

## खबर संक्षेप

### स्कूटी सवार दो युवतियां हादसे का शिकार, एक की मौत

**कटनी।** स्कूटी सवार दो युवतियां हादसे का शिकार हो गईं, जिसमें एक युवती की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरी गंभीर रूप से घायल हो गई। यह हादसा जिला न्यायालय के मुख्य गेट के सामने बीती शाम हुआ। हादसे में जिस युवती की मौत हुई उसकी पहचान सोफिया बानो 23 वर्ष निवासी ईश्वरीपुरा वार्ड के रूप में हुई है। वहीं घायल युवती खुशी शुक्ला 20 वर्ष निवासी रंगनाथ थाना क्षेत्र की बताई जा रही है। घायल का उपचार परिजनों की सहमति से निजी अस्पताल में जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों युवतियां स्कूटी से जिला न्यायालय गेट के सामने से गुजर रही थीं। इसी दौरान स्पीड ब्रेकर के पास स्कूटी असंतुलित हो गई और डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में सोफिया बानो की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि खुशी शुक्ला गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### महिला कांग्रेस ने रेपकांड के आरोपी को मिली जमानत पर जताया विरोध

**कटनी।** उन्नाव बलात्कार कांड के आरोपी और पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को दिल्ली हाईकोर्ट से मिली जमानत के खिलाफ जिला महिला कांग्रेस कमेटी, कटनी ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। महिला कांग्रेस ने इस फैसले को पीड़िता और समाज के लिए चिंताजनक बताते हुए महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष रजनी वर्मा के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में मांग की गई है कि कुलदीप सिंह सेंगर की जमानत को तत्काल रद्द किया जाए और मामले में कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।न महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना है कि इतने जघन्य अपराध के आरोपी को जमानत मिलना न्याय व्यवस्था पर आम जनता का विश्वास कमजोर करता है। साथ ही, इससे पीड़िता और उसके परिवार की सुरक्षा को भी गंभीर खतरा उत्पन्न होता है। ज्ञापन में कहा गया है कि ऐसे मामलों में सख्त रुख अपनाया जाना चाहिए, ताकि समाज में गलत संदेश न जाए और पीड़ितों को न्याय मिलने का भरोसा बना रहे। महिला कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि वह महिलाओं के खिलाफ अपराधों को लेकर लगातार आवाज उठाती रहेगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करती रहेगी।

### सिद्धचक्र महा मंडल विधान का आयोजन



**कटनी।** कैलवारा झुरही, स्थित चेतनोदय तीर्थ क्षेत्र में संत शिरोमणी आचार्य गुरूवर विद्यासागरी महाराज के अज्ञानुवर्ती परम शिष्य मुनि पुंगव निर्यापक श्रवण सुधासागर महाराज एवं पदम सागर महाराज के मंग आशीर्वाद से सिद्धचक्र महामण्डल विधान का कार्यक्रम बड़े हर्ष उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जबलपुर से पधारे बालब्रम्हचारी विनोद भैया एवं राकेश भैया के कुशल निर्देशन में मंत्रोच्चान एवं श्रद्धाभक्ति के साथ विश्वशांति महायज्ञ का भव्य आयोजन किया गया कार्यक्रम में ध्वजारोहणकर्ता श्रीमंत सेठ उत्तमचंद प्रभा जैन, अनुराग जैन, अनुज जैन, महायज्ञ नायक धन्नालाल अंगूरी जैन, इंदौर विधानकर्ता देवकुमार ममता रानी, मैना सुंदरी, राकेश जैन, मनीषा जैन बरया, बंगलौर सौधर्म इन्द्र विवेक कुमार नेहा जैन, अतुल जैन प्रीति जैन-इंदौर, के साथ 151 इन्द्र इन्द्राणियों ने शामिल होकर पुण्य लाभ लिया। चेतनोदय तीर्थ क्षेत्र कमेटी के महामंत्री प्रमोद जैन कक्का ने बतलाया कि यह विधान विश्वशांति और आत्म कल्याण की भावना के साथ आयोजित किया जाता है इसलिए समाज जन इस आयोजन में बढ़ चढ़कर हिस्सा

---

**कलेक्टर ने की स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा**

# सख्त हिदायत : स्वास्थ्य योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में कोताही पर तय होगी जवाबदेही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कलेक्टर आशीष तिवारी ने कहा कि मैदानी स्तर पर स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन में कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। स्वास्थ्य कार्यक्रमों की निगरानी का सुदृढ़ पर्यवेक्षण तंत्र विकसित कर बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। इनके अमल में कोताही बरतने वालों की जवाबदेही सुनिश्चित कर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। कलेक्टर ने यह निर्देश शुक्रवार को स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा के दौरान दिये। इस दौरान जिला पंचायत की सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर भी मौजूद रहीं।

कलेक्टर ने गर्भवती माताओं के संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने, गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच करने और मैदानी स्तर पर संचालित स्वास्थ्य योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति के लिये अधिकारियों की जवाबदेही तय करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग को मैदानी स्तर पर बेहतर तालमेल से मातृ एवं शिशु मृत्यु एवं कुपोषण के विरूद्ध प्रभावी पहल करने की हिदायत दी।

कलेक्टर श्री तिवारी ने मातृ स्वास्थ्य के अंतर्गत जिले में मातृ मृत्यु की प्रकरणवार समीक्षा की। उन्होंने गर्भवती माताओ का पंजीयन और उनको दी गई सेवायें, अनमोल पोर्टल एवं यूविन पोर्टल की उपलब्धि, जिले में संचालित डिलीवरी प्वाइंट की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की। इसके अलावा कलेक्टर ने स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट तथा पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती हुये कुपोषित बच्चों की संख्या, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम एवं आयुष्मान भारत योजना की भी बिंदुवार गहन समीक्षा की।

बैठक में 15वें वित्त निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुये कलेक्टर श्री तिवारी ने समस्त निर्माण कार्य मार्च 2026 तक पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने सिविल सर्जन को जिला अस्पताल में ड्रेनेज संबंधी समस्त कार्य पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर ने कहा कि स्वास्थ्य संस्थाओं में मानव संसाधन आउटसोर्स स्टाफ से कराया जाये।

कलेक्टर ने प्रसव केन्द्र के रूप में क्रियाशील उपस्वास्थ्य केन्द्रों में दो आउटसोर्स कर्मी से कार्य कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कन्हवारा ब्लॉक का एएनसी पंजीयन कम होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये बीएमओ को आगामी एक माह के अंदर प्रगति लाने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रगति न होने पर वेतनवृद्धि रोकने की कार्यवाही प्रस्तावित करने के निर्देश दिये। समीक्षा के दौरान पाया गया कि हितग्राही समग्र आईडी उपलब्ध न होने के करण एएनसी पंजीयन कम है। जिस पर कलेक्टर ने समस्त बीएमओ को हितग्राही की सूची बनाकर कार्यालय जिला पंचायत में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने शहरी क्षेत्र में एएनसी पंजीयन को बढ़ाने हेतु प्रतिदिन नर्सिंग होम का डाटा लेना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। साथ ही सीएमएचओ को निजी नर्सिंग होम की बैठक आयोजित करने की हिदायत दी।

कलेक्टर ने आगामी बैठक में हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं का जिला स्तरीय डाटा राज्य स्तरीय डाटा के समतुल्य करने के निर्देश दिये। साथ ही जिला चिकित्सालय कटनी का डाटा विगत वर्ष में हुये प्रसव से अनुपातिक लक्ष्य बनाकर आगामी बैठक में प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया।

टीकाकरण कार्यक्रम में जिले की रैंक राज्य स्तर में चौथे स्थान पर आने पर कलेक्टर ने जिला टीकाकरण अधिकारी एवं उनकी टीम को बधाई दी। कलेक्टर ने मिशन मोड में कार्य करते हुये आशा, सीएचओ एवं जीआरएस के माध्यम से शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाये के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने पोषण ट्रैकर पर आंगनवाड़ी केंद्रों की उपस्थिति अनिवार्यतः दर्ज किया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। बैठक में आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से टेक होम राशन एवं पूरक पोषण आहार प्रदाय की समीक्षा की गई।

---



## सड़क में निर्माण सामग्री रखकर व्यवसाय, दो ट्राली गिट्टी हुई जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने एवं आम नागरिकों को आवागमन में हो रही असुविधा से राहत दिलाने के उद्देश्य से नगर निगम प्रशासन द्वारा निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर में निरीक्षण के दौरान संत कवरराम वार्ड में सार्वजनिक मार्ग के किनारे एवं सड़क पर निर्माण सामग्री रखकर व्यवसाय करने तथा गंदगी फैलाने पर संबंधित व्यवसायी घनश्याम राजपाल के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करते हुए निर्माण सामग्री दो ट्राली गिट्टी जब्त करने की सख्त कार्यवाही की गई।

अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह बताया कि नगर निगम के अमले द्वारा निरीक्षण के दौरान पाया गया कि संत कवरराम वार्ड में कुछ व्यवसायियों द्वारा बिना अनुमति मुख्य मार्ग पर गिट्टी एवं अन्य निर्माण सामग्री रखकर व्यवसाय किया जा रहा था, जिससे गंदगी फैलने के साथ ही यातायात बाधित हो रहा था तथा दुर्घटना की आशंका बनी हुई थी। नियमों के उल्लंघन पर नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए दो ट्राली गिट्टी जब्त कर पंचनामा बनाया गया। इस दौरान संबंधित व्यवसायियों को स्पष्ट चेतावनी दी कि भविष्य में सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण कर अथवा निर्माण सामग्री रखकर व्यवसाय करने पर और भी कठोर कार्यवाही की जाएगी।

नगर निगम प्रशासन ने आम नागरिकों एवं व्यापारियों से अपील की है कि वे नगर की सुव्यवस्था एवं सुरक्षित यातायात के हित में नियमों का पालन करें तथा किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न करते हुए नगर की सुगम यातायात व्यवस्था हेतु निगम प्रशासन द्वारा किये जा रहे प्रयासों में सहयोग प्रदान करें।

---

**फार्मर आईडी नहीं होने से किसानों को होंगे विभिन्न नुकसान**

## ई-विकास प्रणाली से होगा उर्वरक का वितरण, फार्मर आईडी है आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

किसानों को विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ पारदर्शी एवं सुचारु रूप से उपलब्ध कराने हेतु शासन द्वारा एग्रीस्टैंक योजनांतर्गत फार्मर आईडी (किसान पहचान पत्र) को अनिवार्य किया गया है। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिले में अभियान चलाकर फार्मर आईडी बनाने का कार्य किया जा रहा है। शासन के नियमों के तहत भू-स्वामियों को फार्मर आईडी बनवाना जरूरी है।

अब प्रदेश के सभी जिलों में ई-विकास प्रणाली के माध्यम से उर्वरक वितरण हेतु 'एग्रीस्टैक' (किसान रजिस्ट्री) डेटा का उपयोग किया जाएगा। इस नई व्यवस्था के तहत, प्रदेश के सभी भूधारी किसानों के लिए विशिष्ट 'फार्मर आईडी' जनरेट करने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। शासन का मुख्य उद्देश्य किसान रजिस्ट्री में दर्ज किसानों की जानकारी को उनके भू-अभिलेखों से पूर्णतः लिंक करना है। इससे यह सुनिश्चित हो सकेगा कि सिस्टम में किसान की भूमि संबंधी समस्त जानकारी उपलब्ध रहे, जिसके आधार पर उर्वरक का सटीक और न्यायोचित वितरण किया जा सके।

फार्मर आईडी न बनवाने पर किसानों को भविष्य में उर्वरक प्राप्त करने और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना एवं अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त नहीं हो सकेगा। इसी तरह फसल बीमा योजना, कृषि अनुदान, बीज एवं उर्वरक सब्सिडी से किसान वंचित हो जायेंगे।

### बिचौलियो की भूमिका होगी समाप्त

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे सभी भूधारी किसानों की फार्मर आईडी जनरेट करने और उनकी सभी भूमियों को लिंक करने की कार्यवाही तत्काल सुनिश्चित करें। इस डिजिटल एकीकरण से किसानों को खाद प्राप्त करने में होने वाली असुविधाओं का निराकरण होगा और बिचौलियों की भूमिका समाप्त होगी। किसान रजिस्ट्री और भू-अभिलेखों की इस मैपिंग से कृषि योजनाओं का लाभ सीधे और सही लाभार्थियों तक पहुँचना संभव हो सकेगा।

### यहां बनवा सकते हैं फार्मर आईडी

कृषक अपने नजदीकी जन सेवा केंद्र (सीएससी), पंचायत कार्यालय, तहसील कार्यालय और पटवारी से संपर्क कर आवश्यक दस्तावेज (आधार कार्ड, भूमि अभिलेख, मोबाईल आदि) के साथ अपनी फार्मर आईडी बनवा सकते हैं। कलेक्टर ने जिले के सभी कृषकों से शीघ्रातिशीघ्र अपनी फार्मर आईडी अनिवार्य रूप से बनवाने एवं अपनी भूमि का एग्रीस्टैक डाटा (फार्मर रजिस्ट्री) लिंक कराने की अपील की है। जिससे उन्हें केंद्र एवं राज्य सरकार की सभी योजनाओं का समय पर लाभ मिल सके और वे जरुरी कृषि संबंधित सेवाओं का उपभोग कर सके।

---

## समर्थन मूल्य पर 26 किसानों 238 क्विंटल कोदो उपार्जित



रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना अंतर्गत समर्थन मूल्य पर अब तक 26 किसानों से 238 .45 क्विंटल कोदो का उपार्जन किया जा चुका है। कोदो का उपार्जन 15 जनवरी तक होगा। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिले में किसानों की सुविधा के लिए कोदो कुटकी का उपार्जन म.प्र. राज्य वेयर हाउस मझगवां, बड़वारा के उपार्जन केन्द्र पर संगमबीडी फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी द्वारा किया जा रहा है। खरीफ- 2025 में उत्पादित श्रीअन्न कुटकी 3500 रूपये प्रति क्विंटल एवं कोदो 2500 रुपये प्रति क्विंटल के मान से उपार्जन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त कृषको को प्रोत्साहन राशि के रूप में 1000 रुपये प्रति क्विंटल के मान से संबंधित कृषकों के खातों में डीबीटी के माध्यम से प्रदाय किये जायेंगे। श्रीअन्न प्रोत्साहन कंसोर्टियम ऑफ़ फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी भोपाल से अतुल सिंह एवं सहायक संचालक कृषि द्वय रामनाथ पटेल और मनीष मिश्रा द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया।जहां पर उपार्जित कोदो की अच्छी क्वालिटी पाई गई। सभी पंजीकृत किसानों से निर्धारित एफएक्यू मानकों के अनुसार गुणवत्तापूर्ण उपज लेकर ही उपार्जन केंद्र पर आने की अपील की गई है।

---

## कालेज चलो अभियान के तहत छात्रों को दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा



उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय बड़वारा के प्राचार्य डॉ लवकुश सिंह एवं नोडल अधिकारी डॉ. आदित्य गढ़ेवाल (क्रीड़ाधिकारी) के निर्देशन में महाविद्यालय के श्रीमती तोषी पटेल, डॉ योगिता अरजरिया, डॉ कल्पना सतनामी, डॉ विमला सिंह, डॉ रचना पाण्डेय ने शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़वारा, में कक्षा 12 वी में अध्यनरत संकाय के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा अध्ययन हेतु शासकीय महाविद्यालय में प्रवेश के लिए जानकारी प्रदान की एवं शासन की विभिन्न नई योजनाओं के बारे में बताया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य चंदन सिंह एवं जुगल सिंह चौरसिया का विशेष योगदान रहा साथ ही समस्त शिक्षक तथा अध्ययनरत छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। 24/12/2025 को मप्र उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय बड़वारा के प्राचार्य डॉ लवकुश सिंह एवं नोडल अधिकारी डॉ. आदित्य गढ़ेवाल (क्रीड़ाधिकारी) के निर्देशन में महाविद्यालय की श्रीमती तोषी पटेल, डॉ योगिता अरजरिया, डॉ कल्पना सतनामी, डॉ रचना पाण्डेय द्वारा शारदा मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़वारा, में कक्षा 12 वी में अध्यनरत विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा अध्ययन हेतु शासकीय महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया एवं महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधायें जैसे पुस्तकालय, प्रयोगशाला नियमित कक्षा अध्यापन, खेल प्रकोष्ठ के बारे में सुचारू रूप से अवगत कराया गया साथ ही शासन की विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के सफल संचालन में विद्यालय के प्राचार्य सतीश द्विवेदी एवं हर्ष द्विवेदी का सहयोग रहा। समस्त शिक्षक तथा अध्ययनरत छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

---

**शासकीय आईटीआई में रोजगार एवं अप्रेन्टिस मेले का हुआ आयोजन**

## 833 युवाओं का प्राथमिक चयन, स्वरोजगार हेतु पांच आवेदकों को 50 लाख से अधिक के ऋण पत्र वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने तथा एक छत के नीचे रोजगार की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र एवं शासकीय आईटीआई के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को शासकीय आईटीआई कटनी में एक दिवसीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिससिप मेले का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री तिवारी ने रोजगार मेला पहुंचकर पंजीयन स्टाल और विभिन्न नामचीन कंपनियों के स्टालों में पहुंचकर कंपनी प्रतिनिधियों और यहां पहुंचे युवाओ से चर्चा किया।

जिला रोजगार अधिकारी श्री डी. के. पासी ने बताया कि मेले में निजी क्षेत्र की 16 कम्पनियों से 1278 रिक्तियां प्राप्त हुई थी। मेले में 875 आवेदकों के द्वारा पंजीयन कराया गया। जिसमें मार्गदर्शन सुमि सिस्टम पीथमपुर द्वारा 83, ग्रोफस्ट ऑर्गेनिक जबलपुर द्वारा 29, प्रधानमंत्री कैशल विकास केन्द्र द्वारा 61, अडानी स्केल डेवलपमेंट कंपनी द्वारा 153, ग्रेड ऑर्गेनिक प्रा. लि. सागर द्वारा 39, सी.पी. ई. टी. भोपाल द्वारा 56, प्रीमियर रिफैक्ट्रीज द्वारा 5, संघान ट्रस्ट द्वारा 108, लवली ऑटोमोबाइल कटनी द्वारा 35, अरविंद लि.मि. गांधी नगर गुजरात द्वारा 23, देहली ऑटो मोबाइल कटनी द्वारा 15, शारदा रिफैक्ट्रीज कटनी द्वारा 8, जयहिंद इंडस्ट्रीज प्रा. लि.मि. द्वारा 22, अशोक लिलेन्ड द्वारा 77, याजाकि विटेनिया द्वारा 60 और स्विस सोलेशन प्रा. लि. सहित कुल 833 आवेदकों का प्राथमिक चयन कम्पनियों द्वारा किया गया।

मेले में दीपक टंडन सोनी द्वारा स्वरोजगार हेतु 5 आवेदकों को कुल 50 लाख 50 हजार रूपये के ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किया गया। साथ ही युवा संगम मेले में स्वास्थ परिक्षण हेतु मेडीकल टीम द्वारा 56 आवेदकों का मेडिकल परीक्षण किया गया। साथ ही आदिम जाति कल्याण विभाग, जिला अंत्यावसायी विभाग, पशुपालन विभाग उद्यानिकी विभाग, जिला व्यापार उद्योग कैन्द्र कटनी, द्वारा उपस्थित आवेदकों को स्वरोजगार से संबंधित योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई।

मेले में आईटीआई प्राचार्य श्री देवेश मिश्रा द्वारा मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार से संबंधित जानकारी प्रदान की गई एवं कंपनी के प्रतिनिधियों द्वारा अपनी कम्पनी से संबंधित जानकारी प्रदाय की गई।

---

**अटल जी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने दिलाया गया संकल्प**

## विकास ओर राष्ट्रनिर्माण के लिए समर्पित रहा अटलजी का जीवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद




भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101 जयंती को अटल स्मृति वर्ष के रूप में स्लीमनाबाद में मनाया गया साथ ही अटल स्मृति वर्ष के साथ वीर बाल दिवस भी मनाया गया जिसका विधानसभा स्तरीय कार्यक्रम स्लीमनाबाद में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी रहे। साथ ही भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, विधायक प्रणय पांडेय, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामरतन पायल, शशांक श्रीवास्तव सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन कर की गईं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये विधायक प्रणय पांडेय ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हम सब यहाँ एक ऐसे व्यक्तित्व को याद करने और उनके जीवन से प्रेरणा लेने के लिए एकत्रित हुए हैं, जिनका नाम ही अपने आप में एक दृढ़ संकल्प, एक अटूट निष्ठा और एक महान विचार का प्रतीक है।

मध्यप्रदेश सरकार के दो वर्ष प्रगति और विकास के वर्ष पर अपने भाव व्यक्त करते हुए कहा कि पिछले दो वर्षों में मध्य प्रदेश ने प्रगति, पारदर्शिता और प्रदर्शन का एक नया मॉडल स्थापित किया है।उन्होंने ₹विकसित भारत @ 2047₹ के विजन के अनुरूप प्रदेश के लिए तैयार किए गए 8 प्रमुख थीम वाले दृष्टि-पत्र पर कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई। डॉ. मोहन यादव जी के नेतृत्व में निवेश, उद्योग और रोजगार को नई गति मिली है, जिससे मध्यप्रदेश देश का 'ग्रोथ इंजन' बन रहा है। सरकार द्वारा महिला कल्याण और लाड़ली बहना जैसी योजनाओं के माध्यम से नारी सशक्तिकरण के संकल्प को साकार करने पर बल दिया है। साथ ही बहोरीबंद विधानसभा में अब तक विकास कार्यों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया।

भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी ने ने वीर बाल दिवस के बारे में बताते हुए कहा यह दिन सिख धर्म के दसवें गुरु, गुरु गोविंद सिंह जी के दो छोटे साहिबजादों— बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी की शहादत को समर्पित है।वीर बाल दिवस केवल एक ऐतिहासिक घटना की याद नहीं है, बल्कि यह हम युवाओं के लिए साहस, राष्ट्रवाद और अपने मूल्यों के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा है। दिन हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम भी उनके जैसे निडर बनेंगे और देश की उन्नति में अपना योगदान देंगे।

अटल जी के विचारों को पहुंचाये जन -जन तक -कार्यक्रम को संबोधित करते हुये भाजपा प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी ने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य के बारे मैं विस्तार से बतलाया। साथ ही पार्टी कार्यकर्ताओ को निर्देश दिए कि अपने अपने बूथों पर एसआईआर के काम को करें। साथ ही कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार साकार कर रही है। अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति एवं वीर बाल दिवस ने सभी कार्यकर्ताओं को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित किया।

इस दौरान वरिष्ठ कार्यकर्ता उम्मेद सिंह, जगदेव पटेल, कमलेश नायक, रतन गुप्ता, रवि दुबे, राधेश्याम गोलू तिवारी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सतीश नायक, भाजपा जिला मंत्री कमलेश सेन, भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपू शुक्ला, लोकेश ब्यौहार, पीयूष अग्रवाल, अमित पुरी गोस्वामी मौजूद रहे।

---



## सांसद खेल महोत्सव में शारदा मॉडल स्कूल की छात्राओं ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

विभिन्न खेल गतिविधियों में हमेशा से प्रतोयोगिताओं में शारदा मॉडल हायर सेकेन्ड्री स्कूल बड़वारा की छात्रासों ने अपनी प्रतिभा से शाला एवम परिजनों तथा विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं का मान बढ़ाया है। गौरतलब है कि बड़वारा में संचालित शारदा मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल में समय समय पर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। सांसद खेल महोत्सव 2025 में गांधी स्टेडियम जिला शहडोल में कटनी जिला के बड़वारा विधानसभा से शारदा मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल बड़वारा में अध्ययनरत छात्राओं ने रस्साकसी में तृतीय स्थान हासिल की हैं। छात्राओं की इस उपलबद्धि पर शाला के शिक्षक शिक्षिकाओं ने छात्राओं को शुभकामनाएं दी हैं एवम विजेता प्रतिभागी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## बनवार उप तहसील मुख्यालय पर बन रहे आरोग्य केंद्र का मामला

# आरोग्य केंद्र निर्माण में घटिया कांक्रीट ईंटों का इस्तेमाल, जिम्मेदारों की निगरानी पर उठे सवाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ बनवार

बनवार उप तहसील मुख्यालय में लगभग 43 लाख रुपये की लागत से निर्माणाधीन आरोग्य केंद्र भवन में उपयोग की जा रही सीमेंट-रेत-कंक्रीट से बनी ईंटों की गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। इस शासकीय भवन का निर्माण लोक निर्माण विभाग (PIU) की एजेंसी के माध्यम से कराया जा रहा है, लेकिन मौके पर प्रयुक्त निर्माण सामग्री की स्थिति निर्धारित मानकों की अनदेखी की ओर इशारा कर रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण में लगाई जा रही कंक्रीट ईंटें केवल 4 से 5 फीट की ऊंचाई से समतल सतह पर गिरने पर ही टूट जाती हैं, जबकि मानक गुणवत्ता वाली सीमेंट ईंटों में न टूटने और न ही दरार आने की क्षमता होनी चाहिए। ईंटों का इस तरह टूटना उनकी कमजोर कंप्रेसिव स्ट्रेंथ को दर्शाता है, जो किसी भी शासकीय भवन के लिए गंभीर चिंता का विषय माना जा रहा है। निर्माण स्थल पर ईंटों को खुले में रखा गया है, जहां हैंडपंप के पानी के संपर्क में आने से ईंटें झरती और घुलती नजर आ रही हैं। इससे यह आशंका और गहरी हो जाती है कि ईंटों के निर्माण में सीमेंट का अनुपात कम और रेत अथवा स्टोन डस्ट की मात्रा अधिक रखी गई है, जो कंक्रीट ईंट निर्माण के तकनीकी मानकों के विपरीत है।

निर्माण विशेषज्ञों का कहना है कि सीमेंट-रेत-कंक्रीट ईंटों को आईएस मानकों के अनुरूप मिश्रण अनुपात, पर्याप्त दबाव और निर्धारित अवधि तक क्योरिंग के साथ तैयार किया जाना आवश्यक होता है। यदि इन प्रक्रियाओं में लापरवाही की जाती है, तो भवन की संरचनात्मक मजबूती प्रभावित होती है और भविष्य में यह मरीजों, स्वास्थ्य कर्मियों और आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए खतरा बन सकता है। चूंकि आरोग्य केंद्र भवन का निर्माण लोक निर्माण विभाग (PIU) के अंतर्गत किया जा रहा है, इसलिए गुणवत्ता नियंत्रण, सामग्री परीक्षण और तकनीकी निरीक्षण की जिम्मेदारी भी विभाग पर ही आती है। इसके बावजूद घटिया ईंटों के उपयोग को लेकर उठे सवालों पर अब तक विभागीय स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है, जिससे निगरानी और जवाबदेही पर संदेह बना हुआ है।

इस संबंध में लोक निर्माण विभाग (PIU) की एसडीओ सीमा जी का कहना है कि आयुष भवन में उपयोग की जा रही सीमेंट-कंक्रीट ईंटों का अप्रूवल प्रमाण पत्र ठेकेदार द्वारा विभाग में जमा कराया गया है, जिसके बाद ही ईंटों के उपयोग की अनुमति दी गई है। उन्होंने यह भी कहा कि इसके बावजूद वे स्वयं कार्यस्थल पर जाकर ईंटों की गुणवत्ता की जांच करेंगी और यदि कहीं घटिया ईंटों का उपयोग पाया जाता है, तो उन्हें तत्काल हटवाया जाएगा। एसडीओ ने यह भी बताया कि इस संबंध में उन्होंने ठेकेदार को आवश्यक निर्देश दे दिए हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते निर्माण सामग्री की तकनीकी और प्रयोगशाला जांच नहीं कराई गई, तो यह भवन भविष्य में जोखिमपूर्ण साबित हो सकता है। लोगों ने मांग की है कि निर्माण में उपयोग हो रही सीमेंट-रेत-कंक्रीट ईंटों की गुणवत्ता की स्वतंत्र जांच कराई जाए और मानकों पर खरा न उतरने वाली सामग्री को हटाकर जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। अब यह देखना होगा कि लोक निर्माण विभाग (PIU) इन गंभीर आरोपों को कितनी गंभीरता से लेता है और क्या आरोग्य केंद्र भवन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए समय रहते प्रभावी कदम उठाए जाते हैं या नहीं।

# बालिका छात्रावास में टीआई ने सुनीं छात्राओं की समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा

कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में रहकर एम एलबी स्कूल में पढ़ने वाली विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों की बालिकाओं को स्कूल आने जाने में होने वाली कुछ समस्याओं की जानकारी लगने पर नगर निरीक्षक सुधीर कुमार बेगी ने हॉस्टल पहुंचकर उनसे बातचीत की। गुरुवार की शाम हॉस्टल पहुंचे टी आई बेगी ने परिसर के अंदर पहुंचते ही पहले तो उन्हें अपने चिर परिचित अंदाज में विस्तार से अंग्रेजी पढ़ाई उसके बाद उन्होंने लड़कियों से दुर्गा का रूप रखकर किसी भी गलत काम का विरोध करने का साहस दिखाने की बात कही उन्होंने कहा कि पुलिस पर हमेशा विश्वास रखना आपके पुकारते ही हम तुरंत उपस्थित होने का वादा करते हैं लेकिन पढ़ाई पूरी होने तक केवल और केवल पढ़ाई का उद्देश्य लेकर चलना उन्होंने अपने बचपन की कमजोर परिस्थितियों का उदाहरण बालिकाओं के समक्ष देते हुए कहा कि सफलता प्राप्ति के लिए बहुत संघर्ष एवं त्याग करना पड़ता है यदि विद्यार्थी जीवन में त्याग एवं संघर्ष करना सीख लिया तो ऊंचे पदों पर पहुंचने से कोई नहीं रोक सकता अपनी बात समाप्त करने के बाद उन्होंने बालिकाओं के रास्ते में होने वाली समस्याएं सुनी और उनके उचित निराकरण का आश्वासन दिया। इस दौरान वार्डन रश्मि सोनी के अलावा स्टॉफ कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

## एनएसएस विशेष शिविर संपन्न



**दमोह।** मिशन हायर सेकेंडरी स्कूल दमोह का सात दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर ग्राम पथरिया खुर्द, ग्राम पंचायत अथाई में 20 दिसंबर से 26 दिसंबर 2025 तक आयोजित किया गया। शिविर के उद्घाटन सत्र में प्राचार्य रमेश व्यास, रिटायर्ड प्राचार्य प्रदीप अग्रवाल, उपयंत्री असलम खान, समाजसेवी आरिफ खान, हाशिम खान सहित सरपंच, उपसरपंच, सचिव एवं विद्यालय स्टॉफ उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने शिविर की सफलता हेतु शुभकामनाएं दीं। शिविर के दौरान आयोजित बौद्धिक परिचर्चा में जिला संघटक राष्ट्रीय सेवा योजना जितेन्द्र चौधरी, मंगल सिंह, पी.के. ढाका, भारत विकास परिषद के सदस्य डी.पी. अहीरवाल, संदीप श्रीवास्तव, प्रमेन्द्र जैन, मनोज विश्वकर्मा एवं अरविन्द खरे ने अनुशासन, पर्यावरण एवं साक्षरता विषय पर विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया। एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम में पानी सोखता निर्माण, स्कूल परिसर एवं पंचायत भवन की सफाई, नालियों की सफाई, साक्षरता रैली, पर्यावरण रैली एवं ग्राम संपर्क जैसे विभिन्न जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित किए गए। समापन सत्र में रिटायर्ड प्राचार्य पारस जैन ने विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की। पी.के. जैन ने जीवन में अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला, वहीं प्रदीप अग्रवाल ने स्वयंसेवकों द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में सभी अतिथियों द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं मेडल प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी प्रदीप कुमार खरे ने किया तथा आभार प्रदर्शन डी.पी. तिवारी ने किया। शिविर को सफल बनाने में मिशन स्कूल प्राचार्य अजय मसीह, मिशन स्कूल स्टॉफ एवं मिडिल स्कूल अथाई के शिक्षकों का विशेष योगदान रहा।

## तुलसी पूजन दिवस आश्रम में मनाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

संत श्री आशारामजी आश्रम दमोह में बड़ी श्रद्धा-भाव से मनाया गया तुलसी पूजन दिवस जिसमें बड़ी संख्या में बच्चे, महिलाएं, पुरुषों सभी लोगों ने तुलसी माता का का पूजन किया जिसमें, तिलक, जल, पुष्प, अक्षत, चुनरी आदि अर्पण कर आरती व परिक्रमा कर नृत्य उत्सव के साथ मनाया सर्वहितकारी सद्गुणों की खान तुलसी पूजन दिवस। यह पर्व संत श्री आशाराम जी बापू द्वारा 2014 में शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य भारतीय संस्कृति को सशक्त बनाना और तुलसी के औषधीय और आध्यात्मिक महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना था। आज तक भारत का मार्गदर्शन हमारे ऋषि-मुनियों, संत महापुरुषों ने किया है और भारत को विश्वगुरु बनाने के संकल्प को साकार करने के लिए 25 दिसम्बर तुलसी पूजन दिवस (2014) से व 14 फरवरी मातृ-पितृ पूजन दिवस (2006) से शुरू करने की प्रेरणा पूज्य संत श्री आशारामजी बापू जी ने दी थी ये दोनों कार्यक्रम आज एक विशाल रूप ले चुके है जो भारत के साथ विदेशों में भी मनाये जाने लगे है ऐसे दिव्य आध्यात्मिक, संस्कृति रक्षा व विश्वकल्याण के कार्यक्रम की सभी लोग सराहना कर रहे है सभी का कहना है कि ऐसे कार्यक्रम होते रहना चाहिए।

## विद्युत कंपनी की कार्रवाई, बकायादारों पर कसा शिकंजा



**तेंदूखेड़ा।** तेजगढ़ विद्युत कंपनी के अंतर्गत ग्राम हरई सिंगौरगढ़ में राजस्व वसूली एवं विद्युत चेकिंग अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान उपभोक्ता मथुरा प्रसाद पिता देवी प्रसाद विश्वकर्मा, निवासी दमोह रोड, के विरुद्ध विद्युत देयक की बकाया राशि 20,247 पाई गई। जांच के दौरान उपभोक्ता के परिसर से वेल्डिंग एवं पंचर की दुकान में उपयोग किया जा रहा एक कंप्रेसर जप्त करने की कार्यवाही की गई। इसके अतिरिक्त, ग्राम में घर-घर जाकर बकायादार उपभोक्ताओं से राजस्व वसूली हेतु संपर्क किया गया। अभियान के अंतर्गत बड़े बकायादार लगभग 15 नंबर में उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन, जो विद्युत पोल से जुड़े हुए थे, विच्छेदन की कार्यवाही की गई। इन उपभोक्ताओं पर कुल बकाया राशि लगभग 1.25 लाख पाई गई। विद्युत कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे समय पर अपने विद्युत देयकों का भुगतान करें, अन्यथा नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान जेई शिव दयाल अहिरवार, खज्जी सिह संदीप कुमार, प्रेम सिंह लोधी उपस्थित है।

## वीर बाल दिवस पर हुई प्रतियोगिताएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा

नगर के सी.एम.राइज विद्यालय में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया जहां छात्र-छात्राओं द्वारा वीर बालकों की कहानी लेखन , चित्रकला प्रतियोगिता में लगभग 40 बच्चों ने भाग लिया। जहां प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर जाग्रति चौरसिया द्वितीय स्थान पर वेदिका सोनी तृतीय स्थान पर प्रिंस नायक रहे। कार्यक्रम में विधायक उमादेवी खटीक, रमन खत्री पूर्व जिला महामंत्री , अरविन्द उपाध्याय, सौरभ नेमा भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष, सुधा सेन ,प्रिंसदीप खटीक , गगनदीप पाल, शैलेष पटेल की उपस्थित रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रमन खत्री ने बच्चों को भारतीय इतिहास में मुगलों के साम्राज्य के समय गुरु तेगबहादुर सिंह, गुरु गोविंद सिंह एवं उनको बच्चों की धर्म के लिए की गई शहादत के विषय में जानकारी दी। वहीं विधायक ने बच्चों द्वारा उकेरी कलाकृतियों का अवलोकन कर बच्चों का उत्साह वर्धन किया साथ ही विद्यालय की छात्राओं में मोनिका उपाध्याय सौम्या दुबे, वैष्णवी प्यासी द्वारा अपने विचार रखे गये। कार्यक्रम का संचालन पी.एन.खेमरिया एवं शिवा भटेले ने किया अंत में संस्था प्राचार्य डा. अशोक अग्रवाल द्वारा आभार व्यक्त किया।

## सोन कुत्तों के हमले से घायल बछड़ा गांव में घुसा, समय पर इलाज से बची जान

**तेंदूखेड़ा।** रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व, नौरादेही अभ्यारण अंतर्गत रेंज ऑफिस सर्रा के पीछे नाले के समीप एक हिंसक वन्यजीव सोन कुत्ता (धोल) के झुंड द्वारा एक बछड़े पर हमला किए जाने की घटना सामने आई है। सोन कुत्तों के झुंड ने बछड़े के नाक, कान एवं पूंछ को खा लिया, जिससे बछड़ा गंभीर रूप से घायल हो गया। किसी प्रकार जान बचाकर बछड़ा गांव की ओर घुस आया, किंतु उसकी स्थिति अत्यंत नाजुक थी और आंतें बाहर निकल आई थीं। घटना की



सूचना तत्काल वन्यजीव हेल्पलाइन 1962 पर दी गई, जिसके उपरांत एम्बुलेंस की सहायता से घायल बछड़े का उपचार किया गया। उपचार में डॉ. अक्षय सोलकी, डॉ. आलोक परसर एवं स्थानीय चिकित्सक डॉ. देवी पटेल द्वारा त्वरित चिकित्सा प्रदान की गई। इस दौरान गौ रक्षक अमन जैन, अभिषेक पटेल, अभिषेक सोनी एवं आदित्य पटेल की सक्रिय भूमिका रही, जिनके सहयोग से इलाज निरंतर जारी रखा गया। गौ रक्षकों द्वारा 1962 एम्बुलेंस सेवा के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। स्थानीय निवासी मानसीग यादव ने बताया कि सोन कुत्ता झुंड बनाकर शिकार करता है और शिकार को अधिक समय तक जीवित रखने की प्रवृत्ति रखता है। बताया गया कि सोन कुत्ता तब तक शिकार करता रहता है, जब तक शिकार जीवित एवं गर्म रहता है, मृत होने के बाद उसे छोड़ देता है। साथ ही क्षेत्र में फैली लैंटाना विदेशी जंगली खरपतवार में छिपकर शिकार करना इनके लिए आसान हो जाता है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में खतरा बढ़ रहा है। घटना से क्षेत्र के ग्रामीणों में भय का माहौल है। स्थानीय लोगों ने वन विभाग से क्षेत्र में निगरानी बढ़ाने एवं लैंटाना जैसी खरपतवार की सफाई की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचाव किया जा सके।

## पर्यावरण संरक्षण हेतु नालसा ने किया जागरूकता शिविर



तेंदूखेड़ा। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा), नई दिल्ली द्वारा शीत ऋतु के दौरान पर्यावरण प्रदूषण, विशेषकर वायु गुणवत्ता में निरंतर हो रही गिरावट को दृष्टिगत रखते हुए प्रोजेक्ट टुडे स्क्वायर टुमारो "**Protect Today, Secure Tomorrow**" थीम पर पैन इंडिया पर्यावरण विधिक साक्षरता एवं सामुदायिक संरक्षण अभियान प्रारंभ किया गया है। उक्त अभियान के अनुपालन में तथा माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुभाष सोलंकी के मार्गदर्शन में आरूस स्कूल, तेंदूखेड़ा में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्धेश्य पर्यावरण संरक्षण से संबंधित विधिक प्रावधानों की जानकारी देकर आमजन एवं विद्यार्थियों को जागरूक करना था। कार्यक्रम में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, तेंदूखेड़ा पूजित कमल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। साथ ही विद्यालय के प्राचार्य शश कपिल गोटिया, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। शिविर का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन के साथ किया गया। तत्पश्चात न्यायिक मजिस्ट्रेट महोदय द्वारा मुख्य संबोधन दिया गया, जिसमें उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण एवं अपशिष्ट पदार्थों के कुप्रबंधन से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी। साथ ही पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रत्येक नागरिक की भूमिका एवं विधिक उत्तरदायित्वों के संबंध में भी विस्तार से बताया गया। यह शिविर नालसा के निर्देशानुसार चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका मुख्य उद्धेश्य समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा भावी पीढ़ी को सुरक्षित एवं स्वच्छ पर्यावरण के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण हेतु सामूहिक संकल्प के साथ किया गया।

## मप्र लघु वेतन कर्मचारी संघ ने दिया धरना




**दमोह।** म.प्र.लघुवेतन कर्म.संघ के प्रांतीय आवाह्न पर कर्मचारीयो की 15 सूत्रीय मांगो के संबंध मे दमोह जिले में कलेक्टेड परिसर में सांकेतिक धरना दिया गया। धरने में जिलाअध्यक्ष प्रमोद अहिरवार द्वारा बताया गया कि आज हमनें सांकेतिक धरना देकर शासन को जगाने का काम किया धरना-प्रदर्शन में संघ के पदाधिकारीयो में जिला सचिव अभिषेक सिंह राजपूत, सह सचिव सदन कटारया, कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र अहिरवाल, संयुक्त सचिव राकेश प्रजापति, मुन्ना लाल रैकवार, राजकुमार अहिरवार, अयाज खान, रिंकु जाटव, गणेश गोंड, वीरेंद्र विश्वकर्मा, डोमन अहिरवार, प्यारेलाल सौर, प्रेम लाल अहिरवार, वृंदावन मेहरा एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहें।

# वीर साहिबजादे भारत के अदम्य साहस, शौर्य और वीरता की हैं पराकाष्ठा: श्याम शिवहरे

### वीर बाल दिवस की नई परंपरा ने साहिबजादों की प्रेरणाओं को नई पीढ़ी तक पहुँचाया है – डॉ. गुरमीत सिंह




हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

वीर बाल दिवस के अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा जिलेभर में कार्यक्रम आयोजित किए गए, दमोह मुख्यालय में पी.जी. कॉलेज सभागार, दमोह , पथरिया में माधवराव सप्रे महाविद्यालय सहित तीन मंडलों में, हटा में सीएम राइस स्कूल सहित चार मंडलों में एवं तेंदूखेड़ा, तेजगढ़ मंडलों सहित कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2022 में 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाने की घोषणा की गई थी, जिसके बाद से प्रतिवर्ष देशभर में प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पीजी कॉलेज दमोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, मुख्य वक्ता अंतरराष्ट्रीय प्रचारक डॉ. गुरमीत सिंह, विशिष्ट अतिथि सिख समाज अध्यक्ष बलवीर सिंह सलूजा, भाजपा जिला महामंत्री अरुण तिवारी, जिला मीडिया प्रभारी एवं युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रिंस जैन मंचासीन रहे। हटा में पूर्व जिला महामंत्री रमन खत्री, पथरिया में नवजागृति विद्यालय शिक्षक गुरूदर्शन सिंह मुख्य वक्ता रहें। पीजी कॉलेज दमोह में मुख्य अतिथि श्याम शिवहरे ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज देश वीर बाल दिवस मना रहा है और हम उन वीर साहिबजादों को स्मरण कर रहे हैं, जो भारत के गौरव हैं। उन्होंने कहा कि वीर साहिबजादे अदम्य साहस, शौर्य और वीरता की पराकाष्ठा हैं। अल्पायु में ही उन्होंने क्रूर मुगल सल्तनत के सामने चट्टान की तरह खड़े होकर मजहबी कट्टरता और आतंक के वजूद को चुनौती दी। यह संघर्ष भारत के मूल विचारों, सत्य और असत्य के बीच का संघर्ष था, जिसमें एक ओर गुरु गोविंद सिंह जी और दूसरी ओर औरंगजेब की हुकूमत थी। मुख्य वक्ता डॉ. गुरमीत सिंह ने कहा कि साहिबजादे भले ही आयु में छोटे थे, लेकिन उनके हौसले अडिग थे। औरंगजेब की क्रूरता उनके संकल्प को नहीं डिगा सकी। चारों साहिबजादों ने अत्याचार के सामने झुकने से इंकार कर दिया और देशवासियों को अमर प्रेरणा दी। उन्होंने साहिबजादा अजीत सिंह जी के ऐतिहासिक शब्दों का स्मरण कराते हुए कहा कि ऐसा गौरवशाली अतीत जिस राष्ट्र को मिला हो, वह हर चुनौती का सामना कर सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि बीते वर्षों में वीर बाल दिवस की नई परंपरा ने साहिबजादों की प्रेरणाओं को नई पीढ़ी तक पहुँचाया है और साहसी, प्रतिभावान बच्चों के निर्माण के लिए एक सशक्त मंच प्रदान किया है। कार्यक्रम की प्रस्तावना युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम प्रभारी महेंद्र राठौर ने रखी। आभार प्रकट युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रिंस जैन ने किया तथा संचालन सह प्रभारी शिवेंद्र तिवारी ने किया। कार्यक्रम में समाजसेवी रवि अमूलानी, बलविंदर गांधी, गुरुदर्शन सिंह, इंदरजीत सिंह अरोरा, परमजीत सिंह आनंद, कैप्टन बाधवा सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं भाजपा कार्यकर्ता की गरिमामय उपस्थिति रही।

## प्रयास पर्यावरण संस्था ने आयोजित की क्विज प्रतियोगिता




**दमोह।** प्रयास पर्यावरण संस्था ने अपने शालेय जागरूकता अभियान के अन्तर्गत इस वर्ष का प्रथम कार्यक्रम नगर के प्राचीन कन्या विद्यालय जैन पुत्री शाला में आयोजित किया। कार्यक्रम के अन्तर्गत बच्चों के बीच एक क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें विद्यालय के बच्चों ने उत्साहपूर्वक अपनी सहभागिता प्रदान की। क्विज के पूर्व बच्चों को शाकाहार से संबंधित रुचिकर कहानी सुनाई गई और भोजन के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। क्विज में 10 विजयी वच्चों को आकर्षक पुरुस्कार दिए गये तथा शेष बच्चों को भी इनाम देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में प्रयास संस्था से पारस कुमार जैन, डॉ. एल. सी. जैन, संतोष कुमार जैन हीरापुर, एम. एल. जैन एवं जैन पुत्री शाला समिति से अध्यक्ष मनोज जैन मंटू और कोषाध्यक्ष राजेश सिंघई ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दी।

**खबर संक्षेप**

## निर्वाचन क्षेत्रों में 29 दिसंबर को सार्वजनिक अवकाश घोषित

**दमोह।** राज्य शासन द्वारा त्रि-स्तरीय पंचायतों के उप-निवार्चन 2025 (उत्तरार्द्ध) हेतु राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार विकासखण्ड पथरिया की ग्राम पंचायत देवरान एवं विकासखण्ड बटियागढ़ की ग्राम पंचायत निबोराकला के सरपंच पद का निर्वाचन एवं विकासखण्ड पटेरा के जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 10 कुम्हारी के अंतर्गत आने वाली 30 ग्राम पंचायतों हेतु 29 दिसम्बर दिन सोमवार को संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने बताया 29 दिसम्बर दिन सोमवार को केवल संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों जिला पंचायत क्षेत्र कमांक-10 कुम्हारी के अंतर्गत आने वाली 30 ग्राम पंचायते एवं विकासखण्ड पथरिया की ग्राम पंचायत देवरान एवं विकासखण्ड बटियागढ़ की ग्राम पंचायत निबोरा कला के लिए सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया।

## नि:शुल्क दर्द निवारक शिविर आज

**दमोह।** स्थानीय जैन महिला मिलन नेमीनगर शाखा द्वारा नए वर्ष के उपलक्ष्य में 27 दिसम्बर 2025 को दिन में 12 बजे से सायं 4 बजे तक सभी का जीवन स्वस्थ हो इसी लक्ष्य को लेकर सम्यक हेल्थ केयर सेंटर प्यासी मंदिर परिसर में निःशुल्क विशाल दर्द निवारक शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर में जबलपुर के न्यूरो फिजियो एवं कायरो पद्धति के विशेषज्ञ डॉ. राहुल राजपूत फिजियोथैरेपिस्ट, सुधीर जाटव फिजियोथैरेपिस्ट, डॉ. शिवानी सोनी एवं संस्था प्रमुख डॉ. अकलेश जैन द्वारा फिजियो, एक्यूप्रेशर, कपिंग थैरेपिंग नीडलिंग जर्मनी की मशीनों द्वारा कमर दर्द घुटने का दर्द साइटिका का फ्रोजन शोल्डर लकवा आदि का इलाज किया जाएगा। अतः महिला समिति ने उक्त शिविर में भाग लेकर स्वास्थ्य लाभ लेने हेतु नागरिकों से अपील की है।

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैठक लेकर दिये आवश्यक निर्देश

# 77 मतदान केंद्रों पर 29 को मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायत उप-निर्वाचन 2025 (उत्तरार्द्ध) के अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य के रिक्त वार्ड क्रमांक-10 कुम्हारी में होने वाले निर्वाचन को संपन्न कराने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर की अध्यक्षता में इंटीग्रेट पोलिंग बूथ मैनेजमेंट सिस्टम (पेपरलेस प्रक्रिया) को लेकर गत दिवस जिला कार्यालय के सभाकक्ष में महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल से नियुक्त प्रेक्षक शैलेन्द्र कियावत, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, अनुविभागीय अधिकारी हटा राकेश मरकाम विशेष रूप से मौजूद थे।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने बैठक में प्रेक्षक श्री कियावत को बताया गया कि राज्य निर्वाचन आयोग के द्वारा घोषित कार्यक्रम अनुसार 29 दिसम्बर को जिला पंचायत सदस्य के रिक्त वार्ड कमांक-10 कुम्हारी के 77 मतदान केन्द्रों पर उप निर्वाचन कार्य किया जावेगा। डीईओं स्तर पर रेण्डमाईजेशन मतदान दलों को 28 दिसम्बर को मतदान केन्द्रो पर रवाना किया जायेगा।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर श्री कोचर ने निर्देशित किया आदर्श आचरण सहिता का उल्लंघन न हो, इसके लिए जाँच टीम बनाई जाये, जो लगातार कार्य करेगी। उन्होंने जिला परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया मतदान दलों को मतदान केन्द्रों तक परिवहन हेतु वाहनों का आंकलन कर, समुचित व्यवस्था की जाये। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कोचर ने निर्देशित किया स्ट्रॉग रूम में फायर अलार्म, फायर ब्रिगेड, सीसीटीव्ही कैमरा, पुलिस व्यवस्था एवं खिड़कियां को पैक कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। सामग्री का वितरण एवं वापसी में पूर्ण व्यवस्थायें की जाये। उन्होंने कहा किसी भी मतदान दल को किसी भी प्रकार की समस्या न हो मतदान दलों को पेयजल हेतु कैम्पर एवं बैठने हेतु कुर्सियों की व्यवस्था तथा पेमेन्ट आधारित चाय व नास्ता की व्यवस्था की जाये, सामग्री वितरण/वापिसी के स्थान पर डिस्पेंशरी हेतु डॉक्टर एवं नर्स आदि को रखा जाये साथ ही डिस्पेंसरी में पलंग एवं स्ट्रेचर की व्यवस्था हतु प्लान तैयार किया जाये। उप-जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर श्रीमती मसराम के द्वारा निर्देशित किया गया कि दिव्यांग मतदाताओं के लिए प्रत्येक मतदान केन्द्र पर व्हील चेयर की व्यवस्था की जाये साथ ही प्रत्येक मतदान केन्द्र पर रैम्प बना हो, इसे आवश्यक रूप से देखा जाये। कंट्रोल रूम बनाया जाये और अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाये जो भी शिकायत प्राप्त होती है, उसे आयोग के निर्देशानुसार तय समय में निराकृत की जाये। अनुविभागीय अधिकारी हटा राकेश मरकाम ने बताया स्ट्रॉग रूम की संपूर्ण तैयारी पूर्ण कर ली जायेगी। मतदान केन्द्रों में विद्युत व्यवस्था के संबंध में उपस्थित अधिकारी के द्वारा बताया गया कि 17 मतदान केन्द्रों में लगातार विद्युत प्रवाह हो इसके लिए 10-12 मतदान केन्द्रों हेतु पृथक पृथक फीडर बनाये जायेंगे ताकि मतदान दिवस में मतदान केन्द्रों में विद्युत का प्रवाह अवरुद्ध न हो। इस संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर श्रीमती मसराम ने निर्देश दिये कि मतदान के दिन प्रत्येक मतदान केन्द्र पर या 10-12 मतदान केन्द्रों के मध्य 1-1 कर्मचारी की डयूटी लगाई जाये। साथ ही प्रत्येक मतदान केन्द्र को एक बार आवश्यक रूप से भ्रमण कर देखा जाये। विद्युत विभाग मतदान केन्द्रों में प्रापर लाईट की व्यवस्था करें।

मतदान केन्द्रों पर यदि गर्म पानी की व्यवस्था हो सके तो अनिवार्य रुप से कराई जाये साथ ही मतदान दलों को गुणवत्तायुक्त भोजन प्रदाय किया जाये, इसके लिए जबावदारी स्व-सहायता समूह को दी जा सकती है, यदि और कोई विकल्प हो तो उसका उपयोग किया जाये। बैठक में अधिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## लायंस क्लब ने किए सेवा कार्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

मंगलवार को दमोह रेलवे स्टेशन पर रात्रि 11 बजे ठंड से ठिठुरते यात्रियों को कंबल ओढ़ाकर ठंड से बचने में मदद की। शुक्रवार को वीर बाल दिवस के अवसर पर, श्री गुरु गोविंद सिंह पार्क में चार साहबजादों को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित कर, करीब डेढ़ सौ लोगों को लंगर में खिचड़ी, पूड़ी-साग एवं केला प्रदान किये गए, लायन साथी कैप्टन वाधवा, राजेंद्र अग्रवाल, अभिषेक गोयल, सौरव अग्रवाल, सुधीर असाटी, राकेश अग्रवाल, राजू बुधवानी, दीपक अग्रवाल, डॉ. भानु पटेल, राजीव खत्री, निशांत चौरसिया, राजेंद्र सिंह खंडूजा, जुगल अग्रवाल, अधीर पांडे, अशोक छाबड़ा, लक्ष्मी अग्रवाल, दिलीप जैन ने लंगर सेवा में परोस कर साथ दिया। दोपहर में, मंजीत कौर पति गुलशन बावेजा की स्मृति में 65 विद्यार्थियों को माध्यमिक शाला इमलाई में स्वेटर प्रदान की गई। इस सेवा कार्य मे शिक्षिका नूतन जैन एवं लायन साथी शिवानी जैन का विशेष योगदान रहा, प्रधानाचार्य कल्पना जैन, रवि शंकर मिश्रा, नन्हे भाई राठौर, रश्मि पौराणिक, ज्योति कटहले, एन पी कोरी की विशेष भूमिका रही। लायंस क्लब की ओर से आभार कीर्ति असाटी, नीलू अग्रवाल, शिल्पी गोयल, तरु अग्रवाल ने प्रगट किया।

## अटल स्मृति सम्मेलन आयोजित



**जबेरा।** विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 56जबेरा में जबेरा के नजदीकी ग्राम कले हरा खेड़ा में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न परम श्रद्धेय श्री अटल बिहारी वाजपेई जी की जन्म शताब्दी के अवसर पर अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा जिला अध्यक्ष सम्मिलित हुए उपस्थित सभी भाजपा के कार्यकर्ताओं का मंत्री महोदय एवं जिला अध्यक्ष सहित अन्य जनों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत एवं सम्मान किया। इस अवसर पर मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने अटल स्मृति को याद करते हुए कहा कि हम सभी को अटल जी के आदर्शों को आगे बढ़ने का संकल्प लेना चाहिए श्रद्धेय अटल जी एक कुशल राजनीतिज्ञ के साथ-साथ प्रखर कवि भी थे उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में विभिन्न संघर्ष किए हम सभी उनके आदर्शों एवं विचारों को मानते हैं एवं उनके प्रति सम्मान रखते हैं। इस तरह के कार्यक्रम से समाज में एकता और सम्मान की भावना को प्रोत्साहन मिलता है। अटल स्मृति सम्मेलन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं सहित भाजपा जिला अध्यक्ष श्री श्याम शिव ,हरे जी उपाध्यक्ष श्रीमती सुमन उपाध्याय,महामंत्री श्री अरुण तिवारी, सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन, मूरत सिंह लोधी,जिला मंत्री भारत सिंह जी,विनिता कुलस्ते, मंडल अध्यक्ष जबेरा बंटी दुबे,सतपाल सिंह, संत कुमार पाल, मनोहर सिंह,मनदीप यादव, संग्राम सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि गणों के साथ-साथ ग्राम वासियों की उपस्थिति रही।

## अटल जी का जन्मदिवस मनाया



**तेंदूखेड़ा।** पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई जी का 101वां जन्मदिवस 25 दिसंबर को भारतीय जनता पार्टी द्वारा सुशासन दिवस एवं शताब्दी पर्व के रूप में पूरे देश में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी मंडल तारादेही के मंडल कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धा एवं उत्साह के साथ अटल जी की जन्म जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ अटल बिहारी वाजपेई जी के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया गया। वक्ताओं ने अटल जी के जीवन, उनके विचारों, राष्ट्रनिर्माण में दिए गए योगदान एवं सुशासन की अवधारणा पर प्रकाश डाला। सभी ने उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पूर्व जिला मंत्री अनीता सिंह, मंडल प्रभारी श्रीमती रश्मि साहू, तारादेही मंडल अध्यक्ष डॉ. मनोहर लोधी, तेजगढ़ मंडल अध्यक्ष, महिला मोर्चा अध्यक्ष मोहिनी ठाकुर सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संजीव मिश्रा, शरन यादव, रत्नेश साहू, सत्तू सिंह, अशोक रजक, संतोष जैन, परसोत्तम यादव, विपिन सेन, दीपेंद्र सिंह, अमित जैन एवं अंकित घोषी की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान अटल जी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने एवं उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया।

## वीर बाल दिवस मनाया



**दमोह।** टाईम्स महाविद्यालय में वीर बाल दिवस मनाया गया । इस अवसर पर गुरू गोविंद जी के पूरे परिवार जिन्होने हिन्दू धर्म की रक्षा के लिए वीर शहादत दी। उनकी इस शहादत को नमन करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डा. मनजीत कौर साहनी द्वारा सिक्ख इतिहास के बारे में बताया गया। एन.एस.एस कार्यक्रम अधिकारी डा. संजय विश्वकर्मा सहित समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही।

### जागरूकता कार्यक्रम चलाया

**दमोह।** एमपी राज्यर निर्वाचन आयोग की नई तैयारी, पेपरलेस इलेक्शन की आई बारी के संदेश के साथ आयोग की ब्रांड एम्बेरसेडर सारिका घारू ने दमोह में कराये जा रहे पेपरलेस उपनिर्वाचन के फायदों को आम मतदाताओं को बताया । मतदाताओं के डिजिटल बूथ के फायदे के बारे में मतदाताओं को जानकारी दी जा रही है। सारिका ने बताया कि सोमवार 29 दिसंबर को होने जा रहे पंचायत के उपनिर्वाचन में दमोह के मतदाता रिकार्ड मतदान करने का संकल्प ले रहे हैं ।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से खेत जा रहे युवक की मौत

**तेंदूखेड़ा।** गुरुवार की देर शाम तारादेही थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक युवक की सड़क हादसे में मौत हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार रीतेश पिता सीने सिंह लोधी उम्र 28 वर्ष निवासी पौड़ी थाना तारादेही है जो कि गुरुवार की शाम को घर से पैदल अपने खेत जा रहा था। उसी समय रास्ते में किसी वाहन द्वारा युवक की टक्कर मार दी जिससे युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना राहगीरों द्वारा तारादेही पुलिस को दी गई। साथ ही परिजनों को सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को उठाकर स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां पर शुक्रवार की सुबह युवक पंचनामा कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया। शव परिजनों के सुपुर्द कर पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है। साथ ही अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी गई है। परिजनों द्वारा बताया गया रीतेश देर शाम खाना खाकर पैदल अपने खेत जा रहा था लेकिन जेतगढ और पौड़ी के बीच किसी अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मार दी जिससे युवक की मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कलेक्टर द्वारा आयोजित समन्वय बैठक निर्णय की धज्जियां उडाई

# आदिवासी के सरसों के खेत की बारगा वन कर्मियों ने उखाड़ फेकी, उपजा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया

दमोह ब्लॉक की ग्राम पंचायत मोहली जुझार की मड़िया वीट मे वर्षों से खेती कर अपने परिवार का जीवन यापन करने वाले एक वंचित, गरीब आदिवासी हरबंश गौड़ की बारगा को वन विभाग के कर्मियों ने गुण्डागर्दी एवं तानाशाही पूर्वक उखाड़ फेका। जिससे उसकी सरसों की फसल बरबाद होने का खतरा पैदा हो गया है। अपनी इस समस्या को लेकर कलेक्टर को पीड़ित ने आवेदन पत्र सौपा है। इस संबंध में एकता परिषद के पूर्व राज्य समन्वयक सुजात खान एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता बलराम पटेल ने बताया कि हरबंश आदिवासी वर्षों से इस वन भूमि पर कृषि कार्य करता चला रहा है। जिसका दावा भी वन अधिकार कानून के अंतर्गत लगा हुआ है और अभी लंबित है। इन सभी लंम्बित दावों पर तत्काल कार्रवाई करने को लेकर विगत 22 दिसंबर 2025 को कलेक्टर की अध्यक्षता में आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा जिला समन्वय बैठक एकता परिषद एवं सामाजिक संगठनों के साथ की गई थी। जिसमें तय हुआ था कि जब तक जिले मे सभी दावों का कानून सम्मत ठीक से निराकरण नहीं हो जाता है। तब तक किसी भी वन भूमि काबिज आदिवासी एवं वन्य निवासी को काबिज जमीन से नहीं हटाया जाएगा। और ना ही खेती करने से रोका जायेगा। लेकिन यहां पर वन विभाग के तानाशाह कर्मियों के द्वारा जिला कलेक्टर की बैठक में हुए निर्णय की धज्जियां उड़ा दी गई हैं। वर्तमान में हरबंस आदिवासी के सरसों की फसल के खेत की बारगा हटाने के चलते उस परिवार पर जीवन यापन का गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। पीड़ित ने कलेक्टर को दिये गये इस आवेदन पत्र पर इस दिशा में शीघ्र ठोस कदम उठाए जाने के अलावा वन विभाग की मनमानी एवं तानाशाही पर अंकुश लगाए जाने की मांग की है।

## पानी में डूबने से तीन वर्षीय मासूम की मौत

**हटा।** थाना अंतर्गत समीपस्थ ग्राम प्रेमपुरा में एक तीन वर्षीय मासूम बालक की पानी में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई हटा पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है। जानकारी के अनुसार प्रेमपुरा गांव में शुक्रवार की सुबह तीन वर्षीय विवेक पिता योगेश पटेल अपने घर के पास खेल रहा था और खेलते खेलते घर के पास पानी भरे गड्ढे में डूब गया जैसे ही परिजनों ने देखा तो आनंद-खनन में तुरंत ही सिविल अस्पताल हटा ले जाया गया जहां डॉक्टर द्वारा परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत के बाद सिविल अस्पताल में माता-पिता का रो-रो कर बुरा हाल देखा गया। वहीं अस्पताल में बालक की मौत के बाद दुख भरी घड़ी में पोस्टमार्टम हेतु पीड़ित परिजनों को करीब पांच घंटे इंतजार करना पड़ा उन्होंने अस्पताल प्रबंधन पर मनमानी किए जाने के आरोप लगाए। तब कहीं जाकर पुलिस थाना से एसआई सौरभ शर्मा ने स्टाफ के साथ पहुंचकर शव पंचनामा कार्यवाही कर पोस्टमार्टम उपरांत परिजनों को सौंपकर घटना को जांच में लिया है।

# प्रशिच्छु अधिकारियों ने जिले में किया दौरा



### कलेक्टर श्री कोचर ने राज्य एवं केन्द्र शासन की योजनाओं एवं क्रियान्वयन आदि से अवगत कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी भोपाल की ओर से जिले में प्रशिच्छु भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत भ्रमण पर आये। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर से इन प्रशिच्छु अधिकारियों ने मुलाकात की। कलेक्टर श्री कोचर ने राज्य एवं केन्द्र शासन की योजनाओं एवं क्रियान्वयन आदि के बारे में अवगत कराया। उन्होंने इन अधिकारियों को उज्वल भविष्यि की शुभकामनायें दी। भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिच्छु अधिकारी ऋषिकेश विजय ठाकरे, आशीष कुमार, अनिकेत शांडिल्य, आकाश अग्रवाल, पाटिल आशीष अशोक, सुशिर श्रीकृष्ण श्रीराम, कुलदीप पटेल, फरहान इरफान जामदार सहित अन्य ने हेइडेलबर्ग सीमेंट इंडिया कंपनी नरसिंहगढ़ का भ्रमण किया। कंपनी की ओर से क्लस्टर हेड सुरेश दुबे एवं एच आर एवं एडमिन हेड विकास कुमार ने प्रोजेक्टर के माध्यम से सीमेंट फैक्ट्री के अधिकारियों और फैक्ट्री के बारे में विस्तृत जानकारी दी। तत्पश्चात सभी भारतीय प्रशासनिक अधिकारी (प्रशिच्छु) क्लस्टर हेड के साथ फैक्टरी का भ्रमण किया। सबसे पहले टेक्निकल बिल्डिंग में गये जहाँ उन्होंने अन्य अधिकारियों से मुलाकात की, किलन 01, 02 और 03 को देखा तदोपरांत CCR कण्ट्रोल रूम, AFR एरिया, प्री हीटर, रॉ मटेरियल एरिया, रोप वे एरिया, वर्कशॉप का एरिया देखा और सभी ने यह जाना कि सीमेंट कैसे बनाया जाता है। इसके पूर्व कंपनी की ओर से क्लस्टर हेड ने सभी अथितियों का एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग में फूलों के गुलदस्ता भेंट कर सभी का स्वागत किया।

### कुण्डलपुर का किया भ्रमण

भारतीय प्रशासनिक सेवा 2024 बैच के प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों का प्रबंधन समझने के उद्देश्य से कुंडलपुर में भगवान आदिनाथ (बड़े बाबा) मंदिर का भ्रमण किया। मंदिर के पदाधिकारियों ने भगवान आदिनाथ जी तथा मंदिर प्रबंधन गतिविधियों से अवगत कराया। प्रशिच्छु अधिकारियों ने हस्तकला हथकरघा (श्रमदान) उद्योग का भी भ्रमण किया और हाथ करघा से बनाये गये वस्त्रों आदि के बारे में जानकारी ली।

# सागर ने बोतराई को एक तरफा मुकाबले मे 3-0 से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया



स्थानीय बगिया के मैदान में फ्रेंड्स क्लब के तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय स्व.जी.पी चौबे एवं स्व. यश अग्रवाल स्मृति संभागीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का गुरुवार देर रात्रि में समापन किया गया। जबरदस्त कड़ाके की ठंड के बीच खेले गए फाइनल मुकाबले में टी आई 108 बटालियन सागर की टीम ने जीएस बोतराई की टीम को पांच सेटों के मैच मे 3-0 से एक तरफा करारी शिकस्त दी। वहीं दूसरी ओर बालिका वर्ग में तीन सेटो के फाइनल मैच में पथरिया की टीम ने दमोह की टीम को 2-1 से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

मैच मे बतौर अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष हेमेंद्र सिंह, विशिष्ट अतिथि पूर्व वॉलीबॉल खिलाड़ी हाजी शमसुद्दीन खान पहलवान, थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय, आजम खान दमोह, भागवल पटेल, संतोष गौतम आदि रहे। प्रतियोगिता के आयोजक सुधांशु चौबे, फ्रेंड्स क्लब के कोच रूपचंद उर्फ निप्पी चौरसिया ने बताया कि लगातार आठवीं वर्ष आयोजित इस संभागीय प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग की 18 एवं बालिका वर्ग की 04 टीमों ने भाग लिया । प्रतियोगिता मे विजेता टीम को दस हजार रुपए, ट्राफी एवं मैडल प्रदान किए गये। उपविजेता टीम को पांच हजार रुपए, ट्राफी एवं मैडल दिए गए। इसके अलावा अन्य आकर्षक पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर भी सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि हेमेंद्र सिंह ने कहा कि हार जीत सिक्के दो पहलू है खिलाड़ियों को हार से निराश नहीं होना चाहिए । क्योंकि सतत कोशिश से हार को जीत में बदला जा सकता है। आयोजक सुधांशु चौबे ने कहा कि मानव जीवन में खेल कूद की अहम भूमिका है खेल से अनुशासन की सीख मिलती है। और शरीर स्वास्थ्य रहता है। क्योंकि खेल जीवन में अनुशासन लाने के साथ साथ तनाव को दूर करते है। आजम खान ने आयोजन की सराहना करते हुये कहा कि खेल मे हमे हार जीत को समान रूप से स्वीकार करना और असफलता से सीख लेकर आगे बढ़ना सीखना चाहिए। व्हालीबाल के पूर्व राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी शमसुद्दीन पहलवान ने खेल आयोजन की तारीफ करते हुए कहा कि खेल खेलने से व्यक्ति में अनुशासन और आज्ञाकारिता की भावना विकसित होती है। उन्होंने अपनी कई पुरानी यादों को साझा किया।अक्षय चौबे द्वारा सभी अतिथियोंयों ओर दर्शकों का आभार व्यक्त किया गया। फाइनल मैच में रेफरी मुन्ना लाल कारपेंटर एवं दिलावर सिंह शैलेन्द्र सोनी आदि रहे। कमेंट्री दिलीप जोशी,सुजात खान,संदीप जोशी,शिवानी पटेल, स्कोरिंग चतुर्भुज चौरसिया एवं दिव्यांश तिवारी के द्वारा की गई।फाइनल मैच में आर्मी बटालियन टीम के तेजपाल सिंह सैनिक, महाजन,हिमांशु,अक्षय आदि खिलाडीयो के खेल की दर्शकों द्वारा भारी सराहना की गई।उक्त अवसर पर सुनील सेलट,बद्री चौरसिया,आलोक, उमेश ताम्रकार,मुरलीधर, धर्मेन्द्र चौरसिया,नाथूराम जोशी,संस्कार तिवारी,कार्तिक चौरसिया , धनंजय यादव , राज वर्मा,राकेश अकेला सहित फ्रेंड्स क्लब के समस्त सदस्यों सहित नगरवासियों की भारी उपस्थिति एवं सहभागिता सराहनीय रही।